दिनांक 18 जून 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सेक्टर 2 तालाब और भी होगा आकर्षक, हजारों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा हुआ तालाब का होगा कायाकल्प, विधायक देवेंद्र यादव और महापौर नीरज पाल ने लिया जायजा, खुर्सीपार के इनडोर स्टेडियम की सुविधा मिलेगी जल्द

भिलाई नगर/ विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल ने आज सेक्टर 2 तालाब एवं खुर्सीपार में निर्माणाधीन इंडोर स्टेडियम का जायजा लिया। इंडोर स्टेडियम के निर्माण को गुणवत्ता पूर्वक करते हुए शीघ्र अति शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को दिए है। इंदौर स्टेडियम के निर्माण से खिलाड़ियों को चाहे गर्मी हो या बारिश हो दिन हो या रात उन्हें अपने खेल अभ्यास को निखारने का मौका मिलेगा और एक बेहतर प्लेटफार्म खिलाड़ियों को मिलेगा। भिलाई में ज्यादातर खेल मैदान खुले स्थानों पर निर्मित है, बारिश के दिनों में खेल अभ्यास करने में दिक्कतों का सामना भी करना पड़ता है , इसीलिए विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल ने इंडोर स्टेडियम बनाने की परिकल्पना की , जहां सर्व सुविधा युक्त खेल भवन खिलाड़ियों को मिल पाएगा और नियमित रूप से खिलाड़ी खेल अभ्यास कर पाएंगे। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के प्रभारी एवं एमआईसी सदस्य एकांश बंछोर, एमआईसी सदस्य मीरा बंजारे एवं जोन आयुक्त येशा लहरे, कार्यपालन अभियंता टी के रणदिवे , सहायक अभियंता अनिल सिंह एवं उप अभियंता अर्पित बंजारे , प्रिया खैरवार सहित अन्य मौजूद रहे। सेक्टर 2 तालाब का होगा कायाकल्प ,विधायक और महापौर ने देखी ड्राइंग डिजाइन सेक्टर 2 तालाब में सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा। विधायक देवेंद्र यादव और महापौर नीरज पाल की मंशा अनुरूप सेक्टर 2 तालाब का सौंदर्यीकरण करने का कार्य किया गया है, जो कार्य शेष रह गए है उन्हे भी पूरा किया जाएगा। विधायक और महापौर ने आज तालाब पहुंचकर होने वाले विकास कार्यों के लिए ड्राइंग डिजाइन का अवलोकन कर कार्ययोजना को मूर्त रूप देने के निर्देश दिए। सेक्टर 2 तालाब में छठ पर्व पर भक्तों का ताता लगता है, आस्था के इस पर्व में जन सैलाब उमड़ पड़ता है। इस तालाब का सौंदर्यीकरण का कार्य किए जाने की आवश्यकता को देखते हुए महापौर परिषद ने इसकी स्वीकृति प्रदान की है। सौंदर्यीकरण के तहत हाई मास्क लाइट , पेवर ब्लॉक, कुंड निर्माण, प्लांटेशन, बोरिंग एवं ब्यूटीफिकेशन के कार्य सहित अन्य काम किए जाएंगे।